प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

17 अगस्त 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अदावी जमाराशियों की खोज के लिए उद्गम – UDGAM - केंद्रीकृत वेब पोर्टल का लोकार्पण किया

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल उद्गम (अदावी जमाराशियां - सूचना तक पहुंच का प्रवेश द्वार) {UDGAM (Unclaimed Deposits – Gateway to Access inforMation)} का लोकार्पण किया। यह पोर्टल भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जनता के उपयोग हेतु विकसित किया गया है ताकि उन्हें एक ही स्थान पर कई बैंकों में अपनी अदावी जमाराशियों की खोज सुविधाजनक और आसान हो सके।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 6 अप्रैल 2023 को विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य के भाग के रूप में अदावी जमाराशियों की खोज के लिए एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल के विकास की घोषणा की थी। अदावी जमाराशियों की मात्रा की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए, इस मामले पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जनता को सुग्राही बनाने हेतु समय-समय पर जन जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। इसके अलावा, इन पहलों के माध्यम से, भारतीय रिज़र्व बैंक जनता को अदावी जमाराशियों का दावा करने के लिए अपने संबंधित बैंकों की पहचान करने और उनसे संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है।

वेब पोर्टल के लोकार्पण से उपयोगकर्ताओं को अपनी अदावी जमाराशियों/खातों की पहचान करने में मदद मिलेगी और वे या तो जमाराशियों का दावा कर सकेंगे या अपने जमा खातों को अपने संबंधित बैंकों में सक्रिय कर सकेंगे। रिज़र्व बैंक सूचना प्रौद्योगिकी प्राइवेट लिमिटेड (ReBIT), भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी और संबद्ध सेवाएं (IFTAS) और सहभागी बैंकों के सहयोग से पोर्टल विकसित किया गया है।

शुरुआत में, उपयोगकर्ता पोर्टल पर वर्तमान में उपलब्ध सात बैंकों के संबंध में अपनी अदावी जमाराशियों का विवरण प्राप्त करने में सक्षम होंगे। पोर्टल पर शेष बैंकों की खोज सुविधा चरणबद्ध तरीके से 15 अक्तूबर 2023 तक उपलब्ध कराई जाएगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/765